# न्यायालय सहायक कलक्टर, (SDO) बाड़मेर

नाम पीठासीन अधिकारी :– श्री नीरज मिश्र आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या :– 153/2019

| वादीगण | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1 माधाराम 2 मालाराम 3 गुमनाराम पिसरान पूनमाराम जाति कुम्हार निवासी नारणोणियों की ढाणी, भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर। | बनाम | 1 पूनमाराम 2 रतनाराम पिसरान देसलाराम 3 बांकाराम 4 लालाराम 5 गजाराम पिसरान पुरखाराम जाति कुम्हार निवासी नारणाणियों की ढाणी, भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर 6 शाखा प्रबन्धक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा भाड़खा बाडमेर। |

**राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88 RTA Act.**

उपस्थिति :– 1. श्री भोमाराम सियाग, वकील वादी।
2. श्री मेघाराम चौधरी, वकील प्रतिवादी संख्या 01।

## निर्णय

दिनांक 23/10/19

संक्षिप्त में वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद कथन इस प्रकार है कि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 05 स्वर्गीय देसलाराम के वंशज है तथा हिन्दु होने से हिन्दु विधि से शासित है। वादीगण, प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम के पुत्र होने से विधिक वारिस है। वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 05 की पैतृक संयुक्त खातेदारी की भूमि मौजा भाड़खा पुरोहितान पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 623/472 रकबा 118.01 बीघा मौजा हरियाली पुरोहितान पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 995/356 रकबा 38.12 बीघा मौजा नारणोणियों की ढाणी पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 56 रकबा 35.16 बीघा, खसरा संख्या 145/33 रकबा 48.10 बीघा, खसरा संख्या 147/35 रकबा 22.01 बीघा व खसरा संख्या 153/65 रकबा 17.0 बीघा भूमि आई हुई है जिस पर वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 05 का कब्जा काश्त है। उक्त वादग्रस्त भूमि में वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 प्रत्येक का 1/12–1/12 हिस्सा निहित है। वादीगण, प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम के विधिक वारिस है। वादीगण का वादग्रस्त भूमि में जन्म से ही हित निहित हो गया है। अतः मौजा भाड़खा पुरोहितान पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 623/472 रकबा 118.01 बीघा मौजा हरियाली पुरोहितान पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 995/356 रकबा 38.12 बीघा मौजा नारणोणियों की ढाणी पटवार क्षेत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 56 रकबा 35.16 बीघा, खसरा संख्या 145/33 रकबा 48.10 बीघा, खसरा संख्या 147/35 रकबा 22.01 बीघा व खसरा संख्या 153/65 रकबा 17.0 बीघा भूमि में वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 प्रत्येक का 1/12–1/12 हिस्सा निहित होने से खातेदारी का घोषित करवाने के अधिकारी है।

प्रतिवादी संख्या 01 की और से वाद कथन को स्वीकार करते हुए ईकबाली जवाब एवं राजीनामा प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वादग्रस्त भूमि पैतृक है। उक्त पैतृक

सहायक कलक्टर
(SDO) बाड़मेर



Scanned by CamScanner

भूमि में वाद में अंकित हिस्सा अनुसार वादीगण का हिस्सा है, जिसे घोषित किया जाता है तो उसे कोई आपति नही है।

वादी संख्या 01 माधाराम द्वारा साक्ष्य स्वरूप शपथ पत्र प्रस्तुत कर वाद पत्र एवं राजीनामा में अंकित तथ्यों की पुष्टी की, जिसे सामिल मिसल किया गया।

उभय पक्षों की बहस सुनी गई। वकील वादीगण द्वारा वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि वादग्रस्त भूमि पैतृक भूमि है। पैतृक भूमि में वादीगण का जन्म से हिस्सा निहित है। लिहाजा वादीगण को प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम के साथ सहखातेदार घोषित करते हुए उपर्युक्तानुसार वादीगण का हिस्सा घोषित किया जावे। वकील प्रतिवादी संख्या 01 द्वारा बहस के दौरान अवगत करवाया कि वादग्रस्त भूमि पैतृक है तथा वादीगण, प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम के जायन्दा पुत्र होने के नाते वादग्रस्त भूमि में प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम के साथ वादीगण का जन्म से हिस्सा निहित है, जिसे घोषित करवाने के वादीगण अधिकारी है। पत्रावली के अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है कि प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम का हिस्सा राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा भाड़खा के पक्ष में रहन है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के संलग्न जामबन्दी सम्वत् 2012 से 2031 एवं जमाबन्दी सम्वत् 2073 से 2076 का भी अवलोकन किया गया। का भी अवलोकन किया गया। उक्त दस्तावेजात के आधार पर वादग्रस्त भूमि पैतृक होना प्रमाणित है तथा पैतृक भूमि में वादीगण का हिस्सा जन्म से निहित है। माफिक राजीनामा वादीगण अपना हिस्सा घोषित करवाने के अधिकारी है।

अतः वादीगण का वाद माफिक राजीनामा स्वीकार किया जाकर मौजा भाड़खा पुरोहितान पटवार क्षैत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 623/472 रकबा 118.01 बीघा मौजा हरियाली पुरोहितान पटवार क्षैत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 995/356 रकबा 38.12 बीघा मौजा नारणोणियों की ढाणी पटवार क्षैत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 56 रकबा 35.16 बीघा, खसरा संख्या 145/33 रकबा 48.10 बीघा, खसरा संख्या 147/35 रकबा 22.01 बीघा व खसरा संख्या 153/65 रकबा 17.0 बीघा भूमि में वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 प्रत्येक का 1/12–1/12 हिस्सा खातेदारी का घोषित किया जाता है। प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम का हिस्सा राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा भाड़खा में रहन है। **अतः तहसीलदार बाडमेर निर्णय की पालना रहन मुक्ति के पश्चात करें।** खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करे। डिकरी पर्चा मुर्तिब हो। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(नीरज मिश्र)
उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
बाड़मेर

सहायक कलक्टर (SDO)

निर्णय आज दिनांक 23/10/18 को सरें इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
बाड़मेर
सहायक कलेक्टर (SDO) ...

E:\SDM Barmer\Lalit Ji Joshi\RTA 88\ORDER 88.docx

Scanned by CamScanner

प्रपत्र – 5

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, बाड़मेर

पीठासन अधिकारी श्री नीरज मिश्र (आर.ए.एस.) अन्तिम डिक्री

अनवान

| वादीगण | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1 माधाराम 2 मालाराम 3 गुमनाराम पिसरान पूनमाराम जाति कुम्हार निवासी नारणोणियों की ढाणी, माड़खा तहसील व जिला बाडमेर। | बनाम | 1 पूनमाराम 2 रतनाराम पिसरान देवलाराम 3 बांकाराम 4 लालाराम 5 गजाराम पिसरान पुरखाराम जाति कुम्हार निवासी नारणोणियों की ढाणी, भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर 6 शाखा प्रबन्धक राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा भाड़खा बाडमेर। |

दावा बाबत् 88 रा.का.अ.
मुकदमा नम्बर :– 153/2019
निर्णय दिनांक :– 23/10/19

वकील वादी एवं वकील प्रतिवादी संख्या 01 की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख ........................ को श्री नीरज मिश्र, सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) बाडमेर के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर, आदेश किया जाता है और अन्तिम डिकरी निम्नप्रकार दी जाती है कि :–

अतः वादीगण का वाद माफिक राजीनामा स्वीकार किया जाकर मौजा भाड़खा पुरोहितान पटवार क्षैत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 623/472 रकबा 118.01 बीघा मौजा हरियाली पुरोहितान पटवार क्षैत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 995/356 रकबा 38.12 बीघा मौजा नारणोणियों की ढाणी पटवार क्षैत्र भाड़खा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 56 रकबा 35.16 बीघा, खसरा संख्या 145/33 रकबा 48.10 बीघा, खसरा संख्या 147/35 रकबा 22.01 बीघा व खसरा संख्या 153/65 रकबा 17.0 बीघा भूमि में वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 प्रत्येक का 1/12–1/12 हिस्सा खातेदारी का घोषित किया जाता है। प्रतिवादी संख्या 01 पूनमाराम का हिस्सा राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा भाड़खा में रहन है। **अतः तहसीलदार बाडमेर निर्णय की पालना रहन मुक्ति के पश्चात करें।** खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करे।

यह आज तारीख 23/10/19.............. को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

सहायक कलक्टर (SDO) बाड़मेर

(नीरज मिश्र)
पीठासन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलक्टर, बाडमेर
सहायक कलक्टर (SDO) बाड़मेर

## वाद के खर्चे

| वादी | रूपया | प्रतिवादी | रूपया |
|---|---|---|---|
| 1 वाद पत्र के लिए स्टाम्प<br>2 शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>3 प्रदर्शो के लिए स्टाम्प<br>4 .......... रूपये पर प्लीडर की फीस<br>5 साक्षियों के लिए निर्वाह–व्यय<br>6 कमिश्नर की फीस<br>7 आदेशिका की तामिल | | शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>अर्जी के लिए स्टाम्सप<br>प्लीडर की फीस<br>साक्षियों के लिए निर्वाह व्यय<br>आदेश्किा की तामील<br>कमिश्नर की फीस | |
| जोड़ | | जोड़ | |

E:\SDM Barmer\Lalit Ji Joshi\PD\PD Abhivan.docx

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Neeraj Mishra
Date: 2019.12.24 16:46:06 IST
Reason: SelfAttested
Location: